भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2874

(दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए)

तमिलनाडु में टेलीविजन और रेडियो प्रसारण कवरेज का आकलन

2874. डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने रामनाथपुरम, नागपट्टिनम, मयिलादुथुरै, थूथुकुडी, कन्याकुमारी जिलों सहित तमिलनाडु के तटीय, द्वीपीय और दूरस्थ क्षेत्रों तथा अन्य वंचित क्षेत्रों में टेलीविजन और रेडियो प्रसारण कवरेज का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में कार्यरत दूरदर्शन और आकाशवाणी ट्रांसमीटरों का उनकी कवरेज, क्षमता और परिचालन स्थिति सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इन क्षेत्रों में प्रसारण अवसंरचना में सुधार करने के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार या जन प्रतिनिधियों से कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) सरकार द्वारा चक्रवात, सुनामी और अन्य आपदा संबंधी पूर्व चेतावनियों के प्रसार के लिए तटीय और द्वीपीय क्षेत्रों में प्रसारण सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में प्रसारण अवसंरचना के विस्तार के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरुगन)

(क) से (ङ): प्रसार भारती "डीडी फ्री डिश", एक बहु-चैनल फ्री-टू-एयर डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा का संचालन कर रहा है, जिसके सिग्नल पूरे देश में, जिसमें तमिलनाडु के

रामनाथपुरम, नागपट्टिनम, मयिलाडुथुरै, थूथुकुडी, कन्याकुमारी तथा अन्य क्षेत्र शामिल हैं, प्राप्त किए जाते हैं। डीडी तमिल सहित सभी दूरदर्शन चैनलों के अतिरिक्त, आकाशवाणी के 48 चैनल भी डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हैं।

तमिलनाडु का अधिकांश क्षेत्र राज्य में कार्यरत 16 आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कवर किया जाता है, जिनमें कुल 27 ट्रांसमीटर हैं, इनमें 7 मीडियम वेव (एमडब्ल्यू) तथा 20 एफएम ट्रांसमीटर शामिल हैं। जिला-वार अद्यतन विवरण, उनके कवरेज, क्षमता तथा परिचालन स्थिति सहित, प्रसार भारती की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तमिलनाडु में स्टूडियो सुविधा सहित 3 केंद्र, अर्थात् डीडीके चेन्नई, डीडीके मदुरै तथा डीडीके कोयंबटूर कार्यरत हैं।

भारत सरकार ने 19 जनवरी, 2024 को नए रूप में डीडी तमिल चैनल का शुभारंभ किया। यह 24x7 समर्पित टेलीविजन चैनल है। डीडी तमिल, तमिल भाषा में कला, संस्कृति, साहित्य, इतिहास, विरासत, परंपराओं, विशिष्ट व्यक्तित्वों तथा जन-केंद्रित विषयवस्तु पर आधारित कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। यह तमिलनाडु राज्य से संबंधित समाचार एवं समसामयिक विषयों का भी प्रसारण करता है। यह डीडी तमिल एचडी के माध्यम से एचडी में उपलब्ध है तथा दोनों चैनल डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध हैं।

वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म विभिन्न दूरदर्शन तथा आकाशवाणी चैनलों के साथ-साथ निजी प्रसारकों के चैनलों की लाइव स्ट्रीमिंग भी उपलब्ध कराता है। "न्यूज़ऑनएयर" मोबाइल ऐप पर आकाशवाणी के 260 से अधिक चैनल उपलब्ध हैं, जिनमें तमिलनाडु राज्य में स्थित विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों के 17 चैनल शामिल हैं।

दूरदर्शन केंद्र, चेन्नई अपनी क्षेत्रीय समाचार इकाई के माध्यम से नियमित समाचार बुलेटिनों तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के जरिए समय पर मौसम संबंधी जानकारी का प्रसार करता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) तथा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमानों एवं परामर्शों का नियमित प्रसारण किया जाता है तथा चक्रवातों एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विशेष बुलेटिनों का प्रसारण किया जाता है। आईएमडी के मौसम संबंधी अद्यतन प्रसार भारती की मल्टीमीडिया समाचार वायर सेवा, पीबी शब्द (शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट एंड डिसेमिनेशन) के माध्यम से भी प्रसारित किए जाते हैं, जिसके 3,500 से अधिक पंजीकृत मीडिया सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त, तटीय क्षेत्रों को कवर करने वाले आकाशवाणी ट्रांसमीटरों के माध्यम

से मौसम संबंधी चेतावनियों का प्रसारण किया जाता है, जिससे महत्वपूर्ण सूचनाओं का व्यापक प्रसार सुनिश्चित होता है।

सरकार ने 31.03.2027 तक की अवधि के लिए दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन हेतु "ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट (बाइंड)" नामक केंद्रीय क्षेत्र स्कीम को अनुमोदित किया है। बाइंड स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु में प्रसारण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए आकाशवाणी हेतु 27.17 करोड़ रुपये तथा दूरदर्शन हेतु 23.73 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

*****